दिनांक 21.12.2018

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

'भिलाई को स्वच्छता में नंबर वन लाने के लिए दस्तावेज की ऑनलाइन प्रविष्टि का कार्य हुआ पूर्ण'

भिलाईनगर/स्वच्छ सर्वेक्षण 2019 में स्वच्छता रैकिंग नगरीय निकायों का होना है जिसमें निकाय द्वारा सर्विस लेवल बेंच मार्ग दस्तावेज को ऑनलाईन अपलोड किया जाना है। डाक्यूमेंट के अपलोडिंग हेतु अंतिम तारिख 19 दिसम्बर 2018 को रखी गई थी। भिलाई निगम के सभी डाक्यूमेंट को समय सीमा के लिए लिस्ट ऑनलाईन प्रविष्टि किया गया। डाक्यूमेंट में आरडल्ब्यूए, बीडब्ल्यूजी, पब्लिक एरिया, कामर्शियल एरिया, रेसीडेंसियल एरिया तथा सीटी/पीटी की विस्तृत जानकारी मांगीगई थी। अन्य जानकारी जैसे कि रात्रिकालीन सफाई का कार्य दो पालियों में किया जाना है स्वच्छता से संबंधित सेग्रीगेशन, डोर टु डोर कचरा कलेक्शन एवं पृथक्कीकरण, बच्चों के अनुकुल, शारीरिक रुप से विकलांग के लिए सामुदायिक सह सार्वजनिक शौचालयों की व्यवस्था, कचरा संग्रहण स्थलों का, रहवासियों एवं स्वच्छता दुत के साथ नियमित बैठक करना, सफाई कर्मचारियों द्वारा सुरक्षा उपकरणों का उपयोग, स्कूलो में स्वच्छता कमेटी का गठन, सामुदायिक व्यस्तता हेतु स्वच्छता एम्बेसडरों का चयन, रेल्वे स्टेशन, व्यवसायिक क्षेत्र, कचरा फेकने पर अर्थदण्ड, उद्यान, पार्क, मोहल्ला, वृहद कचरा उत्पादक, सब्जी मण्डी में ऑनसाईट कम्पोस्टिंग इन दस्तावेज का प्रमाणिकरण हेतु फोटोग्राफ भी तैयार कर डाक्यूमेंन्ट्री एविडेंस के रुप में ऑनलाईन अपलोड कर संलग्न किया गया है।

जनसम्पर्क अधिकारी